2	बालनगीर	9	768	12	1,318
3	बालेश्वर	49	4,915	50	6,018
4	बारगढ़	10	668	11	1,093
5	भद्रक	25	2,943	24	3,118
6	बौध	2	80	2	316
7	कटक	44	3,780	31	4,697
8	देवगढ़	2	179	3	323
9	ढेंकनाल	19	1,171	17	1,934
10	गजपति	4	245	6	588

क्र.सं.	जिला	वर्ष 2014 में आईटीआई की संख्या	सत्र 2014-15 में नामांकन	वर्ष 2026 में आईटीआई की संख्या	सत्र 2025-26 में नामांकन
11	गंजम	36	4,093	38	6,181
12	जगतसिंहपुर	19	1,504	18	2,023
13	जाजपुर	25	2,027	23	2,500
14	झारसुगुडा	6	595	7	867
15	कालाहांडी	10	592	5	949
16	कंधमाल	1	243	3	704
17	केंद्रपाड़ा	18	1,287	17	1,388
18	केंदुझर	15	1,384	15	2,206
19	खोरधा	50	3,549	40	3,739
20	कोरापुट	11	1,255	12	1,831
21	मल्कानगिरी	2	139	2	384
22	मयूरभंज	42	4,395	43	4,446
23	नबरंगपुर	6	96	4	680
24	नयागढ़	9	504	10	676
25	नुआपाड़ा	2	285	3	435
26	पुरी	21	1,214	16	1,407
27	रायगढ़	4	647	5	661
28	संबलपुर	8	1,046	7	1,341
29	सोनेपुर	2	99	2	544
30	सुंदरगढ़	33	5,302	34	5,938
कुल		**512**	**47,918**	**488**	**61,348**

विवरण- V

आईटीआई में संचालित 32 नव युगीन ट्रेडों की सूची

क्र.सं.	ट्रेड का नाम
1	एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3D प्रिंटिंग) टेक्नीशियन
2	एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर और इक्विपमेंट फिटर
3	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
4	एडवांस्ड CNC मशीनिंग टेक्नीशियन
5	कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (CAM) प्रोग्रामर
6	साइबर सिक्योरिटी असिस्टेंट
7	डेटा एनोटेशन असिस्टेंट
8	ड्रोन पायलट (जूनियर)
9	ड्रोन टेक्नीशियन
10	इंजीनियरिंग डिज़ाइन टेक्नीशियन (एडवांस्ड टूल का इस्तेमाल करने वाला कारीगर)
11	फाइबर टू होम टेक्नीशियन
12	जियो-इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट
13	ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन टेक्नीशियन
14	इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (IoT) टेक्नीशियन
15	इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग
16	इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
17	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर)

18	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट सिटी)
19	इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स टेक्नीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर)
20	मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल और ऑटोमेशन
21	मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल
22	मल्टीमीडिया, एनिमेशन और स्पेशल इफेक्ट्स
23	सेमीकंडक्टर टेक्नीशियन
24	स्मॉल हाइड्रो पावर प्लांट टेक्नीशियन
25	स्मार्टफोन टेक्नीशियन कम ऐप टेस्टर
26	सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
27	सोलर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रिकल)
28	टेक्नीशियन मेकाट्रॉनिक्स
29	वर्चुअल एनालिसिस और डिज़ाइनर – FEM (फाइनाइट एलिमेंट मेथड) (बेसिक डिज़ाइनर और वर्चुअल वेरिफायर)
30	विंड प्लांट टेक्नीशियन
31	5G नेटवर्क टेक्नीशियन
32	न्यूक्लियर पावर प्लांट टेक्नीशियन

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आज 12.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

11.13 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

———

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

... (*Interruptions*)

12.0½ hrs

At this stage, Shri A. Raja, Shri Imran Masood, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

... (*Interruptions*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, माननीय अध्यक्ष जी को कई माननीय सदस्यों द्वारा कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

... (व्यवधान)

12.01 hrs

PAPERS LAID ON THE TABLE

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 3, श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to lay on the Table a copy each of the following Ordinances (Hindi and English versions) under article 123(2) (a) of the Constitution: -

(1) The Supreme Court (Number of Judges) Amendment Ordinance, 2026 (No. 1 of 2026) promulgated by the President on 16th May, 2026.

(2) The Income Tax (Amendment) Ordinance 2026 (No. 2 of 2026) promulgated by the President on 05th June, 2026.

[Placed in Library, See No. LT 6945/18/26]

… (Interruptions)

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) : महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:

(1) सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 की धारा 25 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सिक्का निर्माण (आंध्र विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 22 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 305(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6946/18/26]

(दो) सिक्का निर्माण (श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 28 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 316(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6947/18/26]

(तीन) सिक्का निर्माण (एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड) के हीरक जयंती समारोह (साठ वर्ष) के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 29 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 322(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6948/18/26]

(चार) सिक्का निर्माण (सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले अभिलिखित हमले के एक हजार वर्ष और उसके पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 8 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 348(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6949/18/26]

(पांच) सिक्का निर्माण (ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की स्वर्ण जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 26 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 409(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6950/18/26]

(छह) सिक्का निर्माण (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 8 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 451(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6951/18/26]

(सात) सिक्का निर्माण (पूज्य माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 जो दिनांक 9 जुलाई, 2026 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 606(अ) में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 6952/18/26]

(2) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 309(अ) जो दिनांक 24 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 77/2023-सीमाशुल्क (एन.टी.) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक

ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6953/18/26]

(दो) सा.का.नि. 330(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा इसमें उल्लिखित 23 अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6954/18/26]

(तीन) सा.का.नि. 358(अ) जो दिनांक 12 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर, 2025 की अधिसूचना संख्या 45/2025-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

[Placed in Library, See No. LT 6955/18/26]

(चार) सा.का.नि. 359(अ) जो दिनांक 12 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2018 की अधिसूचना संख्या 11/2018-सीमाशुल्क और दिनांक 1 फरवरी, 2021 की अधिसूचना संख्या 11/2021-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6956/18/26]

(पांच) सा.का.नि. 356(अ) जो दिनांक 12 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 8 मई, 2000 की अधिसूचना संख्या 57/2000-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6957/18/26]

(छह) सा.का.नि. 357(अ) जो दिनांक 12 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 30 अप्रैल, 2022 की अधिसूचना संख्या 22/2022-

सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6958/18/26]

(सात) सा.का.नि. 420(अ) जो दिनांक 30 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय 01.06.2026 से 31.10.2026 तक की अवधि के लिए कपास के आयात (टैरिफ शीर्ष 5201) पर आधारभूत सीमाशुल्क (बीसीडी) और कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) पर छूट देना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6959/18/26]

(आठ) सा.का.नि. 423(अ) जो दिनांक 31 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय भारत ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के अंतर्गत टैरिफ रियायतों की पहली किश्त को प्रभावी करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6960/18/26]

(नौ) सा.का.नि. 457(अ) जो दिनांक 9 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 की अधिसूचना संख्या 62/2022-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6961/18/26]

(3) सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9क की उपधारा (7) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 291(अ) जो दिनांक 17 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2021 की अधिसूचना संख्या 68/2021-सीमाशुल्क (एडीडी) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6962/18/26]

(दो) सा.का.नि. 331(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा इसमें उल्लिखित पांच अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6963/18/26]

(तीन) सा.का.नि.374(अ) जो दिनांक 19 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा शुरू की गई नई शिपर समीक्षा के परिणाम लंबित होने पर प्रतिभूति या गारंटी प्रस्तुत करने के अध्यधीन मेसर्स अनहुई क्रांत एल्युमिनियम प्रोडक्ट कंपनी लिमिटेड (निर्माता/निर्यातक) द्वारा चीन जनवादी गणराज्य में उद्भूत या वहां से निर्यातित और भारत में आयातित "सोलर पैनल/मॉड्यूल के लिए एनोडाइज्ड एल्युमीनियम फ्रेम" के सभी आयातों का अनंतिम मूल्य निर्धारण विहित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6964/18/26]

(चार) सा.का.नि.386(अ) जो दिनांक 22 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों के अनुसरण में चीन में उद्भूत या वहां से निर्यातित "मोनोआइसोप्रोपाइलमाइन" के आयात पर 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिपाटन शुल्क लगाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6965/18/26]

(पांच) सा.का.नि.387(अ) जो दिनांक 22 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) के अनुरोध पर चीन जनवादी गणराज्य में उद्भूत या वहां से आयातित "कॉस्मेटिक ग्रेड को छोड़कर, नेचुरल माइका पर्ल इंडस्ट्रियल पिगमेंट" के आयात पर 25 नवंबर, 2026 तक, जिसमें यह तारीख भी शामिल है, 3 माह की अतिरिक्त अवधि के लिए प्रतिपाटन

शुल्क लगाया जाना जारी रखना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6966/18/26]

(छह) सा.का.नि.459(अ) जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 16 सितंबर, 2021 की अधिसूचना संख्या 51/2021-सीमाशुल्क (एडीडी) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6967/18/26]

(सात) सा.का.नि.500(अ) जो दिनांक 19 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों के अनुसरण में चीन जनवादी गणराज्य, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका में उद्भूत या वहां से निर्यातित "सल्फेनमाइड्स एक्सेलेरेटर्स" के आयात पर 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिपाटन शुल्क लगाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6968/18/26]

(आठ) सा.का.नि.332(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 10 सितंबर, 2024 की अधिसूचना संख्या 04/2024-सीमाशुल्क (सीवीडी) में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6969/18/26]

(नौ) सा.का.नि.430(अ) जो दिनांक 2 जून, 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय दिनांक 9 मार्च, 2021 की अधिसूचना संख्या 03/2021-सीमाशुल्क (सीवीडी) को अधिक्रमित करना और दिनांक 3 मार्च, 2026 के फा.सं .7/10/2025-डीजीटीआर के तहत से जारी अंतिम निष्कर्षों में डीजीटीआर द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार मलेशिया में उद्भूत या वहां से निर्यातित टेक्सचर्ड टेम्पर्ड ग्लास के आयात पर पांच वर्ष की अवधि के लिए

प्रतिकारी शुल्क लगाया जाना जारी रखना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6970/18/26]

(दस) सा.का.नि.460(अ) जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मलेशिया में उद्भूत या वहां से निर्यातित "कॉइल फॉर्म में एल्युमिनियम वायर/कॉइल फॉर्म में 9 एमएम से 13 एमएम डायमीटर वाले वायर रॉड" पर प्रतिकारी शुल्क को 23 मार्च, 2027 तक, जिसमें यह तारीख भी शामिल है, बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6971/18/26]

(ग्यारह) सा.का.नि.501(अ) जो दिनांक 19 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा जारी अन्तिम निष्कर्षों के अनुसरण में चीन जनवादी गणराज्य में उद्भूत या वहां से निर्यातित पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) रेज़िन के आयात पर 5 वर्ष की और अवधि के लिए प्रतिपाटन शुल्क लगाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6972/18/26]

(4) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 324(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर हाई स्पीड डीजल तेल के निर्यात पर एसएईडी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 06/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6973/18/26]

(दो) सा.का.नि. 325 (अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए

थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 08/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6974/18/26]

(तीन) सा.का.नि.326(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर हाई स्पीड डीजल तेल के निर्यात पर आरआईसी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 11/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6975/18/26]

(चार) सा.का.नि.367(अ) जो दिनांक 15 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर एसएईडी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 06/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6976/18/26]

(पांच) सा.का.नि.368(अ) जो दिनांक 15 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 08/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6977/18/26]

(छह) सा.का.नि.421(अ) जो दिनांक 30 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर एसएईडी दरों

को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 06/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6978/18/26]

(सात) सा.का.नि.422(अ) जो दिनांक 30 मई, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 08/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6979/18/26]

(आठ) सा.का.नि.462(अ), जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा पेट्रोल पर उपयुक्त उत्पाद शुल्क (लागू उपकर/अधिभार सहित) भुगतान किए जाने और एथेनॉल पर यथास्थिति, उपयुक्त केन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर अथवा समेकित कर का भुगतान किए जाने पर शुल्क संदत्त एथेनॉल के मिश्रणों अर्थात् ई22, ई25, ई27 तथा ई30 को मूल उत्पाद शुल्क से छूट प्रदान किए जाने के लिए दिनांक 30.06.2017 की अधिसूचना सं.11/2017-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6980/18/26]

(नौ) सा.का.नि.463(अ), जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा पेट्रोल पर उपयुक्त उत्पाद शुल्क (लागू उपकर/अधिभार सहित) का भुगतान किए जाने और एथेनॉल पर यथास्थिति, उपयुक्त केन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर अथवा समेकित कर का भुगतान किए जाने पर शुल्क संदत्त एथेनॉल के मिश्रणों अर्थात् ई22, ई25, ई27 तथा ई30 को विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (उपकर/अधिभार सहित) से छूट प्रदान किए जाने के लिए दिनांक 13.05.2002 की अधिसूचना सं.28-2022-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6981/18/26]

(दस) सा.का.नि.464(अ), जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा पेट्रोल पर उपयुक्त उत्पाद शुल्क (लागू उपकर/अधिभार सहित) भुगतान किए जाने और एथेनॉल पर यथास्थिति, उपयुक्त केन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर अथवा समेकित कर का भुगतान किए जाने पर शुल्क संदत्त एथेनॉल के मिश्रणों अर्थात् ई22, ई25, ई27 तथा ई30 को सड़क और अवसंरचना उपकर से छूट को अधिसूचित किया गया है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6982/18/26]

(ग्यारह) सा.का.नि.465(अ) जो दिनांक 10 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा पेट्रोल पर उपयुक्त उत्पाद शुल्क (लागू उपकर/अधिभार सहित) भुगतान किए जाने और पेट्रोल और एथेनॉल पर यथास्थिति, उपयुक्त केन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर अथवा समेकित कर का भुगतान किए जाने पर शुल्क संदत्त एथेनॉल के मिश्रणों अर्थात् ई22, ई25, ई27 तथा ई30 को विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (लागू उपकर/अधिभार सहित) से छूट प्रदान किए जाने के लिए दिनांक 01.02.2021 की अधिसूचना सं. 03/2021-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6983/18/26]

(बारह) सा.का.नि.478(अ) जो दिनांक 15 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 06/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6984/18/26]

(तेरह) सा.का.नि.479(अ) जो दिनांक 15 जून, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा भारत के बाहर एविएशन टरबाइन ईंधन के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क दरों को संशोधित करने के लिए दिनांक 26.03.2026 की अधिसूचना संख्या 08/2026-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6985/18/26]

(5) केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के अंतर्गत अधिसूचना संख्या सा.का.नि.328(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में हुई थी तथा जिसके द्वारा अधिसूचना 09/2025-केंद्रीय कर (दर) में कतिपय संशोधन किए गए हैं ताकि उन्हें वित्त अधिनियम, 2026 द्वारा किए गए परिवर्तनों के अनुरूप बनाया जा सके, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6986/18/26]

(6) एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 24 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 327(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा अधिसूचना संख्या 9/2025-एकीकृत कर (दर) में वित्त अधिनियम, 2026 के अंतर्गत किए गए परिवर्तनों के अनुरूप किए जाने के लिए कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6987/18/26]

(दो) सा.का.नि. 329(अ) जो दिनांक 30 अप्रैल, 2026 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा अधिसूचना संख्या 9/2025-संघ राज्य कर (दर) में वित्त अधिनियम, 2026 के अंतर्गत किए गए परिवर्तनों के अनुरूप किए जाने के लिए

कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 6988/18/26]

... (व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI KIRTI VARDHAN SINGH): Hon. Chairperson, Sir, with your permission, I rise to lay on the Table:-

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Tiger Conservation Authority, New Delhi, for the year 2024-2025, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Tiger Conservation Authority, New Delhi, for the year 2024-2025.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 6989/18/26]

(3) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority, New Delhi, for the year 2024-2025.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority, New Delhi, for the year 2024-

2025.

(4) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (3) above.

[Placed in Library, See No. LT 6990/18/26]

_____

… (Interruptions)

12.02 hrs

STATEMENT BY MINISTER

Status of implementation of recommendations contained in the 4th Report of the Standing Committee on Petroleum and Natural Gas on 'Litigations involving Oil PSUs' pertaining to the Ministry of Petroleum and Natural Gas*

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : महोदय, श्री सुरेश गोपी जी की ओर से, मैं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से संबंधित 'सरकारी क्षेत्र के तेल उपक्रमों में मुक़दमेबाजी' के बारे में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ।

———————

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 6943/18/26

... (व्यवधान)

12.02½ hrs

ELECTION TO COMMITTEE

Joint Committee on Offices of Profit

SHRI EATALA RAJENDER (MALKAJGIRI): Hon. Chairperson, Sir, I beg to move the following:

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do elect two Members of Rajya Sabha, in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote, to the Joint Committee on Offices of Profit in the vacancies caused by the retirement of Shri N.R. Elango and Shri Deepak Prakash from Rajya Sabha and do communicate to this House the names of the two members so elected by Rajya Sabha to the Joint Committee."

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा, एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार राज्य सभा से श्री एन.आर. एलांगो और श्री दीपक प्रकाश की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न हुई रिक्तियों के स्थान पर राज्य सभा के दो सदस्यों को लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के लिए निर्वाचित करे और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति के लिए इस प्रकार निर्वाचित दो सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

———

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Now, Item No. 8, Shri Arjun Ram Meghwal ji.

12.03 hrs

THE SUPREME COURT (NUMBER OF JUDGES) AMENDMENT BILL, 2026*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson, Sir, I rise to move for leave to introduce a Bill further to amend the Supreme Court (Number of Judges) Act, 1956.

HON. CHAIRPERSON: Motion moved:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Supreme Court (Number of Judges) Act, 1956."

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Dr. Kadiyam Kavya.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

> "कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL: Hon. Chairperson, Sir, I introduce** the Bill.

———

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2 dated 20.07.2026.

** Introduced with the recommendation of the President.

… (Interruptions)

12.03½ hrs

STATEMENT RE: THE SUPREME COURT (NUMBER OF JUDGES) AMENDMENT ORDINANCE, 2026*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to lay on the Table an explanatory Statement (Hindi and English versions) showing reasons for immediate legislation by promulgation of the Supreme Court (Number of Judges) Amendment Ordinance, 2026 (No. 1 of 2026).

… (Interruptions)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, कृपा करके आप सब लोग बैठ जाइए।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन का समय महत्वपूर्ण है। सभी विषयों के ऊपर सदन में चर्चा होगी।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपके जो भी मुद्दे हैं, उन मुद्दों के ऊपर भी सदन में चर्चा होगी। आपका यह व्यवहार ठीक नहीं है।

... (व्यवधान)

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 6944/18/26.

माननीय सभापति : माननीय अध्यक्ष जी ने इसे बार-बार रिपीट किया है। ऐसे नारेबाजी करने से सदन नहीं चलेगा।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया, आप सब लोग अपने-अपने आसन पर बैठ जाइए। आपके सभी विषयों के ऊपर सदन में चर्चा होगी। कृपया, आप सब लोग बैठ जाइए।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : देश में कई सारी जगहों पर, कई सारे प्रदेशों में बाढ़ की बड़ी समस्या है, जिसे लोग भुगत रहे हैं। आप उसके ऊपर चर्चा कीजिए।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज़ आप लोग बैठ जाइए। मानसून सेशन का आज पहला दिन है।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज़, आज आप सब लोग सहयोग कीजिए। आप देश की जनता को एक अच्छा मैसेज दीजिए।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन सहमति से चलता है। सदन आपको सुनेगा, सबको सुनेगा। प्लीज़, आप अपने आसन पर विराजिए।

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : नहीं, ऐसा नहीं होता है। आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं। आपका यह व्यवहार ठीक नहीं है। कृपया, आप लोग बैठ जाइए। क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं?

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया, आप लोग बैठ जाइए। क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते

हैं?

....(व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही साढ़े बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

12.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Twelve of the Clock.

12.30 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Minutes past Twelve of the Clock.

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, यह सदन का महत्वपूर्ण समय है। आप सब लोग कृपया अपने आसन पर बैठे रहें। मैं सुबह से देख रहा हूं, आप लोग वेल में आकर सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे हैं। कृपया आप सभी लोग अपनी सीट पर बैठें, अपने आसन पर बैठें।

...(व्यवधान)

12.30½ hrs

At this stage, Shri A. Raja, Shri Hibi Eden, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated in your seats. Do not behave like this. Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, इस तरह से बैनर्स व पोस्टर्स लाना सदन की परंपरा नहीं है। कृपया आप सभी लोग अपनी-अपनी सीट्स पर जाकर बैठें। ऐसे नहीं होता है। मानसून सत्र का आज पहला दिन है। आप सुबह से हंगामा कर रहे हैं। विभिन्न मुद्दों पर सदन में चर्चा हो, देश की जनता ऐसी उम्मीद लगाकर बैठी हुई है। आप देश की जनता के बारे में तो सोचें। देश की जनता के जो मुद्दे हैं, उनके बारे में सोचिए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज़, ऐसा करना ठीक नहीं है। बैनर्स व पोस्टर्स लेकर सदन में आना, यह परंपरा ठीक नहीं है। देश की जनता आपको सदन के माध्यम से सुनना चाहती है। सदन में एक अच्छी डिबेट हो, आप सभी के जो मुद्दे हैं, उन पर सदन में चर्चा हो।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : ऐसा करना ठीक बात नहीं है। अगर आप ऐसा करेंगे, तो सदन कैसे चलेगा? ऐसा नहीं होता है। प्लीज़ आप अपनी सीट्स पर जाकर बैठें, हम चर्चा शुरू करते हैं। सदन में बहुत महत्वपूर्ण कार्य होने हैं। क्या आप ज़ीरो ऑवर भी नहीं चलने देंगे? यह आप सभी का विषय है, क्या आप सदन नहीं चलने देंगे? ज़ीरो ऑवर एक महत्वपूर्ण समय होता है।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : इस तरह से बैनर्स व पोस्टर्स लाना ठीक नहीं है।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated. I am requesting all of you to be seated in your seats. Do not do it repeatedly. Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : भारत की जनता इस सदन के ऊपर भरोसा करके बैठी है। भारत की जनता सदन में चर्चा चाहती है। सदन में चर्चा द्वारा आपके मुद्दे भी सुने जाएंगे। प्लीज़, ऐसा नहीं करते हैं।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, you are repeatedly requested to take your seats. We will start discussion. We will start the 'Zero Hour'. Please be seated. This behaviour is not good for democracy.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : गणतंत्र के लिए यह व्यवहार ठीक नहीं है। आप लोग कृपया बैठ जाइए। कृपया हाउस को ऑर्डर में लाइए।

...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: We will discuss all the issues. Please be seated. It is not good.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : क्या आप सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? आप सुबह से बार-बार रिपिटेडली सदन को बाधित कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। असम में बाढ़ आ रही है, नागालैंड में बाढ़ आ रही है, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ आ रही है। लोग कितनी तकलीफ में हैं। इस पर गौरव गोगोई जी भी चर्चा कर सकते हैं। असम की बाढ़ के साथ ही कई अन्य मुद्दे हैं। ये डिप्टी लीडर ऑफ कांग्रेस पार्टी हैं। असम के अलावा बाहर के भी इश्यूज़ हैं। कृपया आप इन पर चर्चा करिए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : ज़ीरो ऑवर भी है। क्या आप ज़ीरो ऑवर भी नहीं चलने देंगे? ज़ीरो ऑवर में 20 माननीय सदस्यों को बोलने हेतु समय मिलता है। It is a very important and urgent matter. This behaviour is not good for democracy. It is not good. I am repeatedly telling you. This type of behaviour is not good for a healthy democracy.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या आप सदन नहीं चलने देंगे?

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन की कार्यवाही आज एक बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

12.35 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirteen of the Clock.

———

13.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirteen of the Clock.

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

13.0½ hrs

At this stage, Shri T. R. Baalu, Shri A. Raja, Prof. Varsha Eknath Gaikwad and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय सभापति : कृपया आप सब अपने-अपने आसन पर बैठिए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप कृपया सदन को चलने दीजिए। You are a senior Member of the House.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : हम चर्चा कराने के लिए तैयार हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सदन को बार-बार बाधित मत करिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : ऐसा करने से सदन नहीं चलेगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन को आर्डर में लाना है।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, please be seated.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: This type of behaviour is not good. You are repeatedly doing this.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, Madam.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : शून्य काल है, नियम 377 के अधीन मामले हैं, क्या आप इन्हें चलाने नहीं देंगे?

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : जीरो ऑवर है, नियम 377 के अधीन मामले हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : मुश्किल से 20 सांसदों को मौका मिलता है। क्या आप इसको भी चलाने नहीं देंगे? ये जनता के मुद्दे हैं। आपको मौका मिला है।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : ऐसे नहीं होगा। ऐसे सदन नहीं चलता है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : इस तरह सदन को बार-बार बाधित करना स्वस्थ गणतंत्र के लिए उचित नहीं है। बार-बार ऐसा करना ठीक नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : बैनर, पोस्टर की यह क्या नई परम्परा आपने शुरू की है? यह उचित नहीं है। सदन के लिए सदन की मर्यादा सर्वोपरि है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर आप सदन चलने नहीं देंगे, तो सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

13.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

———

14.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

14.0½ hrs

At this stage, Dr. Mohammad Jawed, Dr. T. Sumathy alias Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय सभापति : कृपया बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

श्री बी. मणिक्कम टैगोर (विरूधुनगर) : सर, एमपीज़ को पार्लियामेंट के अंदर नहीं आने दे रहे हैं।… (व्यवधान)

श्री हैबी ईडन (एरनाकुलम) : सर, गेट बंद कर रहे हैं। एमपीज़ को अंदर नहीं आने दे रहे हैं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैंने आपकी बात सुन ली है। माननीय स्पीकर साहब का आदेश है, किसी भी एमपी को अंदर आने से नहीं रोका जा रहा है और कोरम पूरा है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप कृपया बैठ जाइए। मैंने आपकी बात सुन ली है। अब आप जवाब सुन लीजिए। सदन में कोरम है, इसलिए सदन की कार्यवाही चलने दीजिए। आपने अपनी जो बात कही है, मैंने आपकी बात सुन ली है। किसी भी सांसद को किसी भी गेट पर नहीं रोका जा रहा है। यह स्पीकर साहब का आदेश है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह सदन की कार्यवाही है। एक बार मेरी बात सुन लीजिए। The agenda

of the House is not decided by the Government of India; BAC is the competent authority to take decision.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : यह बीएसी के अनुसार है, जिसमें आप सभी की भागीदारी है।

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी।

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : सर, ये लोग हंगामा कर रहे हैं। ये लोग अलग विषय उठा रहे हैं। ऐसे में हाउस कैसे चलेगा? इस तरह से हाउस नहीं चल सकता है, ये लोग इतना हंगामा कर रहे हैं।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी अपील कर रहे हैं। आप लोग कृपया बैठ जाइए।

हुड्डा जी, आप लोग कृपया प्लेकार्ड मत दिखाइए। नियमों के अनुसार भी आप लोग प्लेकार्ड नहीं ला सकते हैं। इस बारे में समय-समय पर पीठ से भी निर्णय है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : जावेद जी, प्लेकार्ड मत दिखाइए। मैं आपको समय दूंगा, आप कृपया अपनी सीट पर जाइए। मैं आपको समय दूंगा। I am requesting all the hon. Members. I will allow you. मैं आप सभी को समय दूंगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही 2 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

14.03 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

———

14.30 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

... (*Interruptions*)

14.30½ hrs

At this stage, Shri T. R. Baalu, Prof. Varsha Eknath Gaikwad and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

... (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं खगेन मुर्मु जी से कहूँगा कि वे अपने नियम 377 के अधीन दिए गए नोटिस को पढ़ें।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri T.R. Baalu, you are a senior Member and an icon of this House.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप वेल में आए हैं। आप सदन की वेल में आए हैं।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सदन की वेल में आए हैं। आप नए मेंबर्स ऑफ पार्लियामेंट के लिए क्या उदाहरण सेट करेंगे?

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri T.R. Baalu, you are one of the seniormost Members. What example are you going to set for the new Members of Parliament? Kindly take your seat.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : श्री खगेन मुर्मु जी, आप बोलिए।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : देखिए, आज जीरो ऑवर नहीं चला है। आप सब लोगों का बैलेट में जीरो ऑवर में बोलने के लिए नाम आया था। वर्षा जी, आपका भी नाम आया था। उसके बाद अब नियम 377 की सूची है।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly take your seats. I will listen to you only after you take your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : देखिए जीरो ऑवर नहीं चला। अब मैं चाहता हूँ कि नियम 377 में, जिसमें सरकार के मंत्री का जवाब आता है, आप सदन में तमाम ज्वलंत और महत्वपूर्ण मुद्दों को समाज या देश के लिए उठाते हैं। जनता ने आपको चुनकर भेजा है। आपको जनता ने इसलिए चुनकर भेजा है। आप सुन लीजिए। नियम 377 की यह सूची है। In this, it is given that there is a need for restoration of Malda Airport or construction of a new airport in Malda District, West Bengal.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : वेस्ट बंगाल के लिए श्री खगेन मुर्मु जी का विषय है। श्री खगेन मुर्मु जी, आप बोलिए।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री बृजमोहन अग्रवाल जी।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया आप सदन को चलने दीजिए।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I am requesting you all to take your seats. How will the House run in this situation?

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : यह सदन कैसे चलेगा? मेरा आप सबसे आग्रह है कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The whole nation is watching you. What performance are you giving?

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप यहां वेल में आने के लिए चुनकर नहीं आए हैं। आप अपनी सीट पर जाइए। आप देश के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। आप अपने क्षेत्र की जनता के सवालों को उठाने के लिए यहां चुनकर आए हैं।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं चाहता हूँ कि नियम 377 के विषय पर हाउस चले।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं सभा की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित करता हूँ।

14.33 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock.

———

15.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fifteen of the Clock.

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

15.0½ hrs

At this stage, Shri A. Raja, Shri Dharmendra Yadav and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : आप सभी लोगों से अपील है। धर्मेन्द्र जी, बालू जी, आप सभी से मेरी अपील है। अब नियम 377 के अधीन महत्वपूर्ण मामले सभा पटल पर रखे जाएंगे। आज जीरो ऑवर नहीं चला है और क्वेश्चन ऑवर भी नहीं चला है।

… (व्यवधान)

15.01 hrs

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय सभापति : जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामले के अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अन्दर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर प्रस्तुत करें।

(i) Need for restoration of Malda Airport or construction of a new airport in Malda district, West Bengal

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं अपने लोक सभा क्षेत्र माल्दहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। मालदा जिला

* Treated as laid on the Table.

भारत–बांग्लादेश की लगभग 165.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है जो सामरिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। वर्ष 1962 में 144 एकड़ भूमि पर मालदा एयरपोर्ट का निर्माण किया गया था, किंतु रनवे की लंबाई मात्र 1,097 मीटर होने के कारण यह आज तक संचालित नहीं हो सका। वर्तमान में निकटतम हवाई अड्डे बागडोगरा (241 किमी) और कोलकाता (323 किमी) में स्थित हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी आपातकालीन अथवा सुरक्षा संबंधी परिस्थिति में त्वरित हवाई सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है। सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए मालदा एयरपोर्ट का पुनरुद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान स्थल तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त न हो, तो सरकार शीघ्र वैकल्पिक भूमि का चयन कर मालदा में नया रक्षा-सक्षम हवाई अड्डा स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करे। अतः मैं माननीय सरकार से आग्रह करता हूँ कि मालदा में एयरपोर्ट के पुनरुद्धार अथवा नए हवाई अड्डे की स्थापना हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

(ii) Need to constitute 'Indian Medical Services Commission' for setting up a special national cadre of doctors for recruitment and deployment of doctors in rural areas of the country

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : देश में लगभग 6.4 लाख से अधिक गांव हैं, इन ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों (जैसे सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ आदि) की लगभग 80% कमी है ।केवल छत्तीसगढ़ में ही लगभग 19,698 गांव हैं, यहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में न केवल डॉक्टरों की भारी कमी है, बल्कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अनुपस्थिति दर भी बहुत अधिक है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि इस संकट को दूर करने के लिए और वर्तमान प्रणाली में एमबीबीएस डाक्टरों द्वारा ग्रामीण सेवा को एक 'सजा' के बजाय एक सम्मानजनक पेशा बनाने के लिए, भारत चिकित्सा सेवा आयोग का गठन किया जाए। यह आयोग सामान्य मेडिकल भर्ती से स्वतंत्र एक विशेष राष्ट्रीय कैडर का निर्माण करेगा जो केवल

ग्रामीण जन स्वास्थ्य पर केंद्रित होगा जिससे देश के सुदूर ग्रामीण और आदिवासी गांवों के लिए डॉक्टरों की भर्ती और तैनाती करने में बाधा नहीं होगी। मजबूरन तैनाती के बजाय एक प्रतिष्ठित और पेशेवर कैडर का निर्माण करके, यह आयोग सुनिश्चित करेगा कि हमारे गांवों को टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिले, अतः माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वस्थ भारत के लक्ष्य को साकार करने में एक विशेष भूमिका अदा करेगा।

(iii) Need to set up a National Billiards and Snooker Academy in Jabalpur, Madhya Pradesh

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) : स्नूकर विश्व स्तरीय खेल है, वर्ल्ड स्नूकर फेडरेशन में 90 से अधिक देश शामिल हैं। स्नूकर खेल की उत्पत्ति वर्ष 1885 में नर्मदा क्लब जबलपुर में हुई थी। स्नूकर खेल के क्षेत्र में जबलपुर समेत देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जबलपुर में राष्ट्रीय बिलियर्ड एवं स्नूकर अकादमी की स्थापना होनी चाहिए साथ ही उसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्नूकर हॉल का निर्माण भी होना चाहिए। जिसमें दर्शक दीर्घा सहित पर्याप्त मात्र में बिलियर्ड टेबल व अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता हो। इससे जबलपुर में स्नूकर की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जैसे विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप और एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप आयोजित हो सकेगी। अतः माननीय मंत्री युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से जबलपुर में राष्ट्रीय बिलियर्ड एवं स्नूकर अकादमी की स्थापना की सविनय मांग करता हूँ।

(iv) Need to amend the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment) Act, 2002 to recognise sub-groups of Gond Tribe and standardisation of variant spellings of the Tribe in Uttar Pradesh

डॉ. आनन्द कुमार गोंड (बहराइच) : केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002 के अंतर्गत जारी अधिसूचना में तकनीकी त्रुटि के कारण उत्तर प्रदेश सरकार के मूल प्रस्ताव के अनुरूप गोंड जनजाति की उपजातियों जैसे धुरिया, नायक, ओझा, पठारी एवं राजगोंड का उल्लेख कोष्ठकों के स्थान पर अल्पविराम (कॉमा) से कर दिया

गया, जिससे अधिसूचना का आशय परिवर्तित हो गया तथा अनेक प्रशासनिक एवं विधिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में स्थानीय भाषा एवं उच्चारण के कारण राजस्व अभिलेखों में 'गोंड', 'गोंड़' एवं 'गोड़' जैसी भिन्न-भिन्न वर्तनियाँ दर्ज हैं। फलस्वरूप अनेक वास्तविक गोंड जनजाति के पात्र व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण-पत्र जारी नहीं हो पा रहा है और वे संवैधानिक अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि उत्तरप्रदेश सरकार के मूल प्रस्ताव के अनुरूप अधिसूचना में आवश्यक संशोधन करते हुए उपजातियों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तथा 'गोंड', 'गोंड़' एवं 'गोड़' जैसी स्थानीय वर्तनियों को समान रूप से मान्यता देने हेतु आवश्यक विधायी अथवा प्रशासनिक कदम शीघ्र उठाए जाएँ, जिससे किसी भी वास्तविक जनजातीय परिवार को केवल तकनीकी अथवा भाषायी कारणों से अपने वैधानिक अधिकारों से वंचित न होना पड़े।

(v) Need to reconstruct the building of Postal Divisional Office in Himmatnagar, Gujarat and also construct a new Postal Divisional Office building in Aravalli district in the state

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया (साबरकांठा) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) से संबंधित एक महत्वपूर्ण जनहित का विषय सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूँ। हिम्मतनगर स्थित डाक मंडल कार्यालय का भवन स्वतंत्रता-पूर्व निर्मित एवं अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिससे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। इसी परिसर में जिला पासपोर्ट कार्यालय भी संचालित होता है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सेवाएँ प्राप्त करने आते हैं। अतः इस भवन का शीघ्र पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, वर्ष 2014 में अरवल्ली जिले के गठन के बावजूद आज भी साबरकांठा एवं अरावली दोनों जिलों के लिए केवल एक ही डाक मंडल कार्यालय हिम्मतनगर में कार्यरत है। इससे दोनों जिलों के विशाल क्षेत्र में डाक सेवाओं के संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों में अनावश्यक विलंब और कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं।

अतः मैं भारत सरकार व माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि हिम्मतनगर डाक मंडल कार्यालय के नए भवन के निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए तथा अरवल्ली जिले के मुख्यालय मोडासा में एक नए डाक मंडल कार्यालय की स्थापना की जाए, जिससे दोनों जिलों के नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ एवं प्रभावी डाक सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

(vi) Need to provide special financial package for restoration of the Vitthal-Rukmini Temple in Amalner, Jalgaon in Maharashtra for development of facilities for pilgrims visiting the temple site

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : मैं भारत सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र जलगांव के अमलनेर स्थित संत सखाराम महाराज विट्ठल–रुक्मिणी संस्थान मंदिर की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। लगभग 250 वर्ष पुराना यह ऐतिहासिक मंदिर उत्तर महाराष्ट्र के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और "प्रतिपंढरपुर" के नाम से प्रसिद्ध है। 1 जुलाई 2026 को लगी भीषण आग में मंदिर का मुख्य भाग, इसकी प्राचीन लकड़ी की वास्तुकला, दुर्लभ नक्काशी तथा अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर पूरी तरह नष्ट हो गई। यह केवल एक मंदिर की नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत की अपूरणीय क्षति है। प्रतिवर्ष यहां यात्रा, रथोत्सव, पालखी और अन्य धार्मिक आयोजनों में लाखों श्रद्धालु आते हैं। महाराष्ट्र शासन ने भी इसे 'सी श्रेणी तीर्थक्षेत्र' का दर्जा दिया है। अतः मैं केंद्र सरकार से आग्रह करती हूँ कि क्षति का आकलन करने हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए तथा मंदिर का मूल स्वरूप में पुनर्निर्माण, विरासत संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास के लिए विशेष केंद्रीय सहायता अथवा विशेष वित्तीय पैकेज तत्काल स्वीकृत की जाए। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का विषय है। सरकार इस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय ले।

(vii) Need to establish Pallahada Railway Station near Pallahada city in Odisha

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) : पाललहड़ा (PALLAHADA) तक जल्द से जल्द रेल

